

# अष्टादश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–11 मंगलवार, दिनांक–17 फरवरी, 2026 ई०।

**माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

---

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक।**

**[1] प्रश्नकाल :–**

i. 06 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
ii. 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या–43 वित्त विभाग में स्थानांतरित।
iii. 03 अल्पसूचित प्रश्न अनागत।
iv. 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
v. 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
vi. 162 तारांकित प्रश्न अनागत।

**[2] कार्यस्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री राहुल कुमार, श्री कुमार सर्वजीत एवं श्री अरूण सिंह द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी।

परन्तु आसन की अनुमति प्राप्त कर माननीय सदस्य, श्री राहुल कुमार द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना को पढ़ा गया।

**[3] शुभकामना संदेश :–**

आसन द्वारा हर्ष के साथ सूचित किया गया कि जे.ई.ई. मेन परीक्षा के प्रथम चरण के परिणाम में गया जी के शुभम कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया है। यह अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने 100 पर्सेंटाइल लाकर बिहार में अव्वल आने के साथ ही देश भर में तीसरा स्थान हासिल किया है। यह उनकी प्रतिभा का परिचायक है। आसन द्वारा सदन की ओर से मेधावी छात्र शुभम कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

**[4] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अंतर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गयाः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | श्री कुमार शैलेन्द्र | (2) | श्री रोहित पाण्डेय |
| (3) | श्री मुरारी पासवान | (4) | श्री विमल राजवंशी |
| (5) | सुश्री मैथिली ठाकुर | (6) | श्रीमती छोटी कुमारी |
| (7) | श्री राजेश कुमार मंडल | (8) | श्री मुरारी मोहन झा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (9) | श्री ललन राम | (10) | श्री अरूण सिंह |
| (11) | श्री राकेश रंजन | (12) | श्री मिथुन कुमार |
| (13) | श्री नागेन्द्र चंद्रवंशी | (14) | श्री बीरेन्द्र कुमार |
| (15) | प्रो० नागेन्द्र राउत | (16) | श्रीमती श्वेता गुप्ता |
| (17) | श्री सुजीत कुमार | (18) | श्री मो० मुर्शिद आलम |
| (19) | श्रीमती बिनिता मेहता | (20) | श्री सतीश कुमार सिंह यादव |
| (21) | श्री सियाराम सिंह | (22) | श्री प्रमोद कुमार सिंह |
| (23) | श्रीमती सोनम रानी | (24) | श्री पुरन लाल टुडू |
| (25) | श्री उदय कुमार सिंह | (26) | श्रीमती अनीता |
| (27) | श्रीमती देवंती यादव | (28) | श्रीमती संगीता देवी |
| (29) | श्री आनन्द मिश्र | (30) | श्री रोमित कुमार |
| (31) | श्री मंजीत कुमार सिंह | (32) | श्रीमती कविता देवी |
| (33) | श्रीमती निशा सिंह | (34) | श्री कलाधर प्रसाद मंडल |
| (35) | श्री शुभानंद मुकेश | (36) | श्री बबलू कुमार |
| (37) | श्री इन्द्रदेव सिंह | (38) | श्रीमती सावित्री देवी |
| (39) | श्री पप्पु कुमार वर्मा | (40) | श्री अजय कुमार |
| (41) | श्री विनय बिहारी | (42) | श्री कृष्णनंदन पासवान |
| (43) | श्रीमती गायत्री देवी | (44) | श्री ललित नारायण मंडल |
| (45) | श्रीमती बेबी कुमारी | (46) | श्री राज कुमार राय |
| (47) | श्री अमित कुमार | (48) | श्री विनय कुमार चौधरी |

आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों से शून्यकाल की सूचना को अनुमान्य शब्द सीमा अर्थात् पचास शब्दों के अंदर देने का आग्रह किया गया।

[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–

(i) माननीय सदस्य, श्री राजू तिवारी, श्री विनय कुमार चौधरी एवं अन्य सात सभासदों का नगर विकास एवं आवास विभाग/पंचायती राज विभाग से संबंधित तथा दिनांक 13.02.2026 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री राजू तिवारी द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा तथा माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग, श्री दीपक प्रकाश द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री मनीष कुमार, श्री जनक सिंह एवं अन्य छः सभासदों का नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री मनीष कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(iii) माननीय सदस्य, श्री रत्नेश कुमार, श्री संजीव चौरसिया एवं अन्य तीन सभासदों का अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से सामान्य प्रशासन विभाग को स्थानांतरित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री रत्नेश कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02:00 बजे अपराह्न से 04:39 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

[6] वित्तीय कार्य :–

**वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड–06 (ग्रामीण विकास विभाग; ऊर्जा विभाग; मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग; वित्त विभाग; वाणिज्य–कर विभाग एवं पेंशन)] पर वाद–विवाद एवं मतदान।**

माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य, श्री राहुल कुमार द्वारा अनुदान की मांगों में कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात ग्रामीण विकास विभाग के अनुदान की मांग पर वाद–विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लियाः–

i. श्री गौतम कृष्ण
ii. श्री विजय कुमार खेमका
iii. श्रीमती कोमल सिंह

[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

iv. श्री मनोज विश्वास
v. श्री विष्णु देव पासवान
vi. श्री मो० तौसीफ आलम
vii. श्री संदीप सौरभ
viii. श्री अजय कुमार
ix. श्री सतीश कुमार सिंह यादव
x. श्री ललन राम
xi. श्री माधव आनंद
xii. श्री देवेशकान्त सिंह
xiii. श्री सुबेदार दास
xiv. श्री विशाल कुमार
xv. श्री प्रकाश चन्द्र
xvi. श्री सुजीत कुमार
xvii. श्री सुधांशु शेखर
xviii. श्री उपेन्द्र प्रसाद
xix. श्रीमती बिनीता मेहता
xx. श्री राजेश कुमार मंडल

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

इस दौरान विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य, श्री राहुल कुमार का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

[7] **निवेदन** :–

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 45 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक–18 फरवरी, 2026 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–17.02.2026

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।